महत्वपूर्ण एवं खास

लालच में फंसकर युवती ने गंवाई साढ़े 8 लाख रुपए

रायपुर (आरएनएस)। लक्ष्मीनगर टिकरापारा में ज्यादा पैसा कमाने का झांसा देकर अज्ञात आरोपी ने युवती से 8लाख 50680 रुपए का धोखाधड़ी किया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पिंकी साहू 29 वर्ष लक्ष्मीनगर टिकरापारा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पास अज्ञात मोबाइल नंबर 96291-64513 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने आन लाईन टास्क पुरा करने पर ज्यादा पैसा कमाने का झांसा देकर प्रार्थिया को अपने जाल में फंसाया और उससे अलग-अलग खातों में 8,50,680 रुपए जमा कराकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। विजय नगर चौक खम्हारडीह में पुरानी रंजिश के चलते चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अर्जुन विभार 24 वर्ष विजय नगर चौक का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी भावेन्द्र साहू, राहुल पांडे, हेमंत चोले व आशीष नायक ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायपुर (आरएनएस)। ग्राम टोर के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मनोज वर्मा 49 वर्ष नेवरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि मनोज अपनी बाइक से कल शाम कहीं जा रहा था, तभी ग्राम टोर के पास पिकअप क्रमांक सीजी 04 एनजेड 8113 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

करंट की चपेट में आकर कॉलेज छात्र की हुई मौत

कोरबा (आरएनएस)। पिछली रात्रि हुई घटना में करंट के संपर्क में आने से युवक की मौत हो गई। वह कोरबा के केएन कॉलेज का नियमित छात्र था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार मृतक का नाम जितेश मधुकर बताया गया है। जिसके साथ यह घटना रात्रि 11 बजे अपने घर पर हुई। कोतवाली पुलिस थानांतर्गत आने वाले निगम के वार्ड क्रमांक 9 सीतामणी के विकास नगर में मधुकर अपने परिवार के साथ रहता था। रात्रि को तकनीकी अवरोध आने पर उसका सुधार किया जा रहा था। इसी दरम्यान असावधानीवश युवक करंट के संपर्क में आ गया। झटके खाने के साथ वह छटपटाते हुए मौके पर गिर पड़ा। उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने जरूरी खानापूर्ति की। मृत छात्र की मौत को संदिग्ध मानते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। गर्मी के मौसम में शार्टसर्किट के अलावा खुली हुई वायरिंग के कारण कई बार हादसे हो जाते हैं। बिजली कंपनी ने लोगों को इस बारे में सचेत किया है ताकि वे अनहोनी से बच सके।

प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश सहित कोचिंग हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 मई

❒ सारंगढ़, बरमकेला और बिलाईगढ़ के गांवों की सूची, जहां के बच्चे कर सकते हैं आवेदन

सारंगढ़ बिलाईगढ़

प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों यथा आदिवासी उपयोजना क्षेत्र और माओवाद प्रभावित इलाकों में स्थित स्कूलों में अध्ययनरत प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं सहित सीए,सीएस,सीएमए,क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में गहन तैयारी के उद्देश्य की पूर्ति हेतु संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए आगामी 17 मई 2024 तक लिंक https://eklavya.cg.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। निर्धारित तिथि तक भरे गए आवेदन पत्रों में 20 मई 2024 तक त्रुटि सुधार किया जा सकता है। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 9 जून 2024 रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रवेश सम्बन्धी आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट पर लॉगिन कर देखी जा सकती है। साथ ही सम्बन्धित जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग या सम्बन्धित क्षेत्र के कार्यालय परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

जिले के ऐसे गांव के बच्चे जो आवेदन करने के लिए पात्र

सारंगढ़, बरमकेला और बिलाईगढ़ विकासखंड के ऐसे गांव जो आदिवासी उप-योजना अंतर्गत माडा क्षेत्र में शामिल हैं। इन गांवों के बच्चे शैक्षणिक सत्र (2024-25) में प्रयास बालक और कन्या आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं मे ऑनलाइन आवेदन कर प्रवेश कर सकते हैं।

सारंगढ़ और बरमकेला विकासखंड के इन गांवों के बच्चे कर सकते हैं आवेदन

सारंगढ़ और बरमकेला विकासखंड के इन गांवों में अचानकपाली, अमलीपाली, खम्हारपाली, बगबंध, सहसपानी, बासनपाली, घठोरा, बेहराबहाल, अमलीडीपा, बेहराचुंआ, बेलपाली, भदरीउड़ान, रांपागुला, भैजनार, परसदा छोटे, भालूपानी, भांटाकोना, बोरिदा, गंजाईभवना, चंदली, चंवरपुर, अमलीपाली ब, छिंचपानी, दबगांव, सराईपाली, दमदरहा, देवगांव, मल्दा ब, देवसर, रामटेक, गंधराचुंआ, अमझर, गातापीड़ा, घानापीपर, गोमर्डा, जामपाली, जवाहरनगर, कनकबीरा, कंवरगुड़ा, कपरतुंगा, करगीपाली, फर्सवानी, खैरपाली, खम्हारडीह, खर्री, खर्री छोटे, लुरका, दबगांव, मांजरमाटी, अमझर, मकरी, नरेशनगर, नरगीखोल, नवापाली, पठारीपाली, पिपरदा, खोखसीपाली, पुटिया, खरवानी छोटे, सेंधमाल, शिवपुरी, सोड़िका, अमलडीहा, सुरली, सुवरगुड़ा, टमटोरा, टेढ़हीनाला, तेंदुढार, ठेंगाकोट, मानिकपुर, विश्वासपुर, मारोधरहा, लंकापाली, भकुर्रा, कंचनपुर, पठियापाली, झाल, अमलीपाली, बारादावन, पैकीन, धनगांव, धौंरादरहा, बैंगीनडीह, नूनपानी, मेकरा, करपी, परधियापाली, कर्रामाल, हट्टापाली, जगदीशपुर, खम्हरिया, कोकबहाल, अकबरटोला, झाल, लीमपाली, बनवासपाली, जीरापाली, पतेरापाली, घोघरा, डोंगरीपाली, गिंडोला, लेंधरजोरी, बेहराबहाल, गौरडीह, रंगाडीह, कदलीसरार, बिरनीपाली, भराली, सहजबहाल, परधियापाली, भालूपानी, डोंगीपानी, विजयमाला शामिल है।

बिलाईगढ़ विकासखंड के इन गांवों के बच्चे कर सकते हैं आवेदन

बिलाईगढ़ विकासखंड के ऐसे गांव जो आदिवासी उप-योजना (माडा) अंतर्गत शामिल हैं। इन गांवों के बच्चे शैक्षणिक सत्र (2024-25) में प्रयास बालक और कन्या आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं मे ऑनलाइन आवेदन कर प्रवेश कर सकते हैं। उन गांवों में मलुहा, सलिहा, धौराभाठा, सरगुली, दयालपुर, गारडीह, धनसीर, जामडीह, जोगीडीपा, गेडापाली, चचरेल, बाससुरगुली, टेगनाकछार, चारपाली, कोडापाली, खुरदरहा, पिरदा, घुटीकोना, बघमल्ला, आमाकछार, बोदा, बोडाडीह, मुडकक्टा, रनकोट, चंद्रनगर, बसंतपुर जामडीह, तेन्दुदरहा, शंकरनगर, मण्डलपुर और धारासिव शामिल है।

इस संबंध में अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट (ट्रायबल डॉट सीजी डॉट जीओव्ही डॉट इन) में उपलब्ध है तथा संबंधित जिले के सहायक आयुक्त और परियोजना प्रशासक के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

अंतर्राज्यीय शातिर नबकजन गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

दुर्ग | आरएनएस

एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग एवं थाना वैशाली नगर, सुपेला की संयुक्त कार्यवाही करते हुए अंतर्राज्यीय शातिर नबकजन गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लगभग 8 लाख रूपये का सामान बरामद किया है।

बता दें कि जिले में लगातार नकबजनी की घटनाएं घटित हो रही थी, जिन्हें अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला (भा.पु.से.) के द्वारा आरोपियों की शीघ्र पतासाजी कर माल बरामद कर उनकी गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश प्राप्त हुये थे, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर (रापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (काईम) ऋया मिश्रा (रा.पु.से.), उप पुलिस अधीक्षक (अपराध) हेमप्रकाश नायक (रा.पु.से), नगर पुलिस अधीक्षक (भिलाई नगर) सत्य प्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में एवं एण्टी काईम साथवर यूनिट प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय, थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, थाना प्रभारी वैशाली नगर निरीक्षक ममता अली शर्मा एवं चौकी प्रभारी स्मृतिनगर उप निरीक्षक पुरुषोत्तम कुर्रे के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा संदेहियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी, विशेष सूत्र भी लगाये गये थे। जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन अपराधियों पर भी निगाह रखी जा रही थी। घटना स्थलों के आसपास एवं आवागमन के रास्तों में लगे सीसीटीव्ही फूटेज का अवलोकन किया जा रहा था, इसी दौरान कुछ सीसीटीव्ही फूटेज में संदिग्ध मोटर सायकल सवार चार व्यक्तियों में से एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित हुयी। तकनीकी आधार पर भी आरोपियों के पत्तासाजी के प्रयास किये जा रहे थे, जिनसे कुछ दीगर प्रदेशों के संदिग्ध व्यक्तियों की उपस्थिति 'घटना स्थल के आस पास परिलक्षित हो रही थी। जिसके आधार पर टीम द्वारा विशेष सूत्रों के माध्यम से उक्त संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में जानकारी एकत्र कर हरियाणा कुरुक्षेत्र के शाहबाद डेहा कालोनी से सुखविन्दर सिंग नाम के व्यक्ति को पकडक़र पूछताछ किया गया, जोकि प्रारंभिक पूछताछ पर गुमराह करता रहा किन्तु तथ्यात्मक पूछताछ करने पर अपने साथी शाहबाद निवासी कार्तिक कुमार एवं विशाल कुमार के साथ मिलकर, भिलाई निवासी सुरजीत सिंह के बुलाने पर करीब 20 दिन पूर्व भिलाई जाना, जहाँ पर सुरजीत सिंह के ताये गये 02 सूने मकानों में अपने उक्त साथियों के साथ मिलकर नकबजनी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से चोरी की मशरूका 02 नग सोने की अंगूठी जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड हासिल कर लाया गया है। आरोपी सुखविन्दर सिंह के बताये अनुसार सुरजीत सिंह को भिलाई से पकड़ा गया।

मामले में पुलिस ने सुखविन्दर सिंह पिता खडक़ू सिंह उम्र 19 साल निवासी मंजी शाहय गुरुद्वारा के पास डेहा बस्ती शाहबाद मारवांडा जिला कुस्योत्र हरियाणा, सुरजीत सिंह पिता अमरजीत सिंह उम्र 34 साल निवासी ग्राम भोरची राजपूताना थाना बित्तर्थिया जिला अमृतसर पंजाब, हात भेलवा तारताब के पास पुरानी बस्ती कोठका भिलाई तथा नरेश साहू उर्फ चांदी पिता हरेकृष्ण साहू उम्र 29 साल निवासी राधा कृष्ण मंदिर के पास सिन्वेकला थाना सिन्देकता जिला बोलांगीर उड़िसा को गिरफ्तार किया है।

अवैध रेत परिवहन में लगे 8 हाइवा, 2 ट्रक और 1 जेसीबी जब्त

धमतरी-रायपुर | आरएनएस

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में अवैध रेत खनन, परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में बीते दिन राजस्व तथा खनिज अमला द्वारा धमतरी विकासखंड के ग्राम दोनर मे निरीक्षण किया गया। इस दौरान बिना वैध दस्तावेज के रेत परिवहन करते 8 हाइवा, 2 ट्रक और 1 जे सी बी जप्त किया गया। वाहनों को कंपोजिट भवन के पास रखा गया है।

जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त सभी प्रकरणों में छ.ग. गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारो, खनिज परिवहनकर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज उत्खनन / परिवहन / भण्डारण / करना दण्डनीय अपराध है। अत: अवैध उत्खनन / परिवहन कर्ताओं के विरूद्ध इसी प्रकार का कृत्य करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन / परिवहन/भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमलों एवं राजस्व अमला द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच किया जावेगा।

चालक को आई झपकी, ट्रेलर गिरा नाले में

कोरबा | आरएनएस

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की गेवरा माइंस जाने निकला एक ट्रेलर लक्ष्मण नाला में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि चालक और क्लीनर को चोटें नहीं आई। वहीं गाड़ी के खाली होने से मालिक को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

देर रात्रि को यह घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्रांतर्गत लक्ष्मण नाला क्षेत्र में हुई। बताया गया कि ट्रेलर संख्या सीजी-12डीएम-4515 को लेकर उसका चालक एसईसीएल की गेवरा माइंस जा रहा था। वहां से इस पर कोयला लोड कर गंतव्य को जाना था। इससे पहले ही यह वाहन हादसे का शिकार हो गया। खबर के अनुसार लक्ष्मण नाला क्षेत्र से गुजरने के दौरान चालक को एकाएक झपकी आ गई। इससे वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। रेलिंग विहिन नाले में वाहन जा गिरा। इससे पहले कि चालक खुद को संभाल पाता, देर हो चुकी थी। हालांकि घटना में चालक और उसके क्लीनर को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। घटना की जानकारी रात में ट्रेलर मालिक को दे दी गई थी। आज सुबह पुलिस ने इस क्षेत्र का जायजा लिया। इसके बाद आवश्यक संसाधन की व्यवस्था कर नाले में गिरे ट्रेलर को उठाने की कार्यवाही की गई। इससे पहले भी इस क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं हुई हैं जिनकी बड़ी कीमती चुकानी पड़ी।

जंगल में मिली पत्रकार की खून से सनी लाश

मनेन्द्रगढ़ | आरएनएस

चनवारीडांड स्थित वन काष्ठागार के पीछे एक पत्रकार का खून से सना शव मिला है। मामले में पुलिस मृतक की पत्नी से पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि मृतक के घर में भी खून के निशान मिले हैं।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे चनवारीडांड स्थित वन काष्ठागार के पीछे कुछ लोगों ने खून से लथपथ एक युवक का शव देखा। जिसका चेहरा कपड़े से ढंका हुआ था। जिसके बाद मृतक की पहचान मनेंद्रगढ़ थानांतर्गत मौहारपारा निवासी 32 वर्षीय रईस अहमद के रूप में हुई। बताया जाता है कि मृतक पत्रकार था तथा कुछ दिनों पहले ही अपनी पत्नी के साथ शहर से लगे ग्राम चनवारीडांड में एक किराए के मकान में रह रहा था। और गुरूवार को उनके घर से 200 मीटर की दूरी पर ही उसकी लाश मिली है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे। शव का पंचनामा कार्यवाही के बाद पुलिस मृतक के घर पहुंची। घर पर मृतक की पत्नी सफ ीना अपनी 3 वर्षीय बच्ची के साथ थी। पुलिस अधीक्षक ने मृतक की पत्नी से जरूरी पूछताछ की। शुरूआती पूछताछ में उसने बताया कि देर रात 2 युवक घर पर आए थे। वहीं मृतक की मासूम बेटी ने भी पुलिस को अहम जानकारी देते हुए बताया कि उसके पिता रात में बचाओ-बचाओ की आवाज लगा रहे थे। घर की दीवार एवं दरवाजे पर खून के छींटे भी पाए गए हैं। वहीं घर से करीब 20 मीटर की दूरी पर सीसी सडक़ के किनारे खून से सना एक गमछा भी पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस को पत्नी का बयान भी संदेहास्पद लग रहा है जिसके चलते संदेह के आधार पर पुलिस मृतक की पत्नी को सिटी कोतवाली लाकर पूछताछ कर रही है। फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने के लिए यातायात पुलिस चला रही फालो गुड हेबिटस अभियान

रायपुर | आरएनएस

जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देश पर वाहन चालको को वाहन चालन के दौरान हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने हेतु जागरूक करने दिये गये निर्देश के परिपालन में सतीष ठाकुर, संदानंद विध्यराज उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा चलाये जा रहे फॉलो गुड हेबिटस अभियान के तहत 21डे चैलेंज की जानकारी से यातायात जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से दी जा रही है। आज दिनांक को उक्त अभियान के तहत सुखनन्दन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सतीश ठाकुर पुलिस अधीक्षक (यातायात) द्वारा पुलिस पेट्रोल पंप सेक्टर 6 मैं पेट्रोल डालने वाले दो पहिया वाहन चालकों एवं चार पहिया वाहन चालकों को एवं जयंती स्टेडियम आने वाले खिलाडिय़ों को यातायात पुलिस दुर्ग की मूहिम से अवगत कराते हुए बताया गया कि यदि आप 21 दिन तक लगातार दो पहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट लगाने और चार पहिया वाहन चालन के दौरान सीट बेल्ट लगाते हो तो 22वें दिन से वे आपके अच्छी आदत में सुमार हो जायेगा इसके पश्चात आप बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चलाते है तो आपको स्वयं असुरक्षित एवं असुविधाजनक महसूस होता है और आपके अंदर एक अच्छी आदत सुमार हो जाती है। इसी प्रकार यातायात पुलिस के अधिकारी द्वारा जामुल क्षेत्र के संचालित भिलाई इंजीनिरीग कारपोरेंजशन, सिमप्लेक्स, विश्व विसाल, अमित सिसकोल, कारखाने में कार्यरत् कुल-835 कर्मचारियो को कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भी इस मुहीम की जानकारी प्रदान कर हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने अपील की गयी तथा शराब पीकर वाहन न चलाने एवं मोबाईल से बात करते हुए वाहन न चलाने हेतु अपील की गई क्योंकि ये दोनो सडक दुर्घटना कारणों के मुख्य कारण है।

इसी प्रकार 21 दिन का चैलेंज स्वीकार करके यातायात हेल्पनंबर नबंर 94791.92029 लगातार वाहन चलाको ने प्रतिदिन अपने वाहन चालन के दौरान हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाकर अपना फोटो साझा कर रहे है आप सभी वाहन चालको से अपील है कि यातायात पुलिस की इस मूहिम का हिस्सा बने और जिम्मेदारी को समझे।

डेंगू दिवस : डेंगू बीमारी की रोकथाम के लिए जिले के स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा किया गया जागरूक

सारंगढ़-बिलाईगढ़

डेंगू दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश साहू के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अवधेश पाणिग्राही के मार्गदर्शन में जिले भर के स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा "समुदाय की सहभागिता से, डेंगू नियंत्रण करें" थीम के साथ विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्य अमले के कर्मचारियों एवं मितानिनों के द्वारा दीवारों में डेंगू के संबंध में नारा लेखन, सामुदायिक स्तर पर आईईसी वितरण, पानी के ठहराव वाले जगह को पाटना एवं लार्वा मुक्त करने सहित समूह बैठक कर लोगों को डेंगू की प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया। वहीं जिला स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ के सभा कक्ष में समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों, खंड कार्यक्रम प्रबंधकों, विकासखंड डाटा प्रबंधकों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अधिकारियों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत जेएसए के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में डॉ अवधेश पाणिग्राही द्वारा डेंगू बीमारी के कारण, इसके कारक मच्छर, परजीवी, फैलने के तरीके, कन्फर्मेशन हेतु आधिकारिक जांच, रोकथाम एवं उपचार पर विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ अवधेश पाणिग्राही ने बताया कि कुछ दिनों बाद मानसून के आगमन के साथ ही जगह-जगह पानी के ठहराव होने से विभिन्न प्रजाति के मच्छर पनपने लगते हैं, जिसमें एडीज प्रजाति के मच्छर का भी जनन होता है, जिसके काटने से डेंगू होने की संभावना होता है। ऐसे में सभी लोग अपने आसपास पानी जमा होने ना दे एवं पानी का ठहराव को रोक पाना संभव न हो तो समय-समय पर उसमें पुराने तेल या अन्य कीटनाशक डालकर लार्वा रोधी करते रहे। मच्छर के सीजन विशेष कर बरसात के दिनों में पूरे आस्तीन के कपड़े पहनें एवं घरों में मच्छररोधी अगरबत्तियों के साथ सोने के समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। इसके पश्चात भी यदि किसी व्यक्ति को डेंगू होने की संदेह हो, तो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जांच कराएं तथा उपचार कराएं। जिला स्तरीय कार्यशाला में डॉ आर एल सिदार बीएमओ सारंगढ़, डॉ पुष्पेंद्र वैष्णव बीएमओ बिलाईगढ़, डॉ संजय पटेल बीएमओ बरमकेला, नंदलाल इजारदार जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अविनाश वाल्टर जिला मलेरिया निरीक्षक, रोशन सचदेव जिला समन्वयक आयुष्मान सहित जिला के समस्त विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखंड डाटा प्रबंधक, सेक्टर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं जेएसए उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU